## एक नजर में



### झांसी की रानी को याद किया

**उज्जैन।** वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की 203वीं जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क पर झांसी की रानी का स्मरण किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जयसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर झांसी की रानी एवं 1857 के क्रांति में वीरगति पाए सभी वीरों को शहीद स्मारक पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गायक डॉ. तेज कुमार मालवीय ने ए वतन तेरे कदमों में हम जां तक अपनी लुटा जाएंगे प्रस्तुत कर शहीदों का स्मरण किया। देश के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को एमन कुरैशी, महाकाल शयन आरती के सदस्य चेतन ठक्कर, समाजसेवी सैयद उस्मान हसन, इंस्पेक्टर जहीरुद्दीन, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, गंगाधर महा, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, शरीफ खान, नासिर मंसूरी, आजम खान, साहिल हुसैन, इकबाल उस्मानी ने झांसी की रानी के चित्र पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी संयुक्त सचिव अनुदीप गंगवार एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।



### मंच पर दिखा सवर्ण और दलित का संघर्ष

**उज्जैन।** स्वर संवाद सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था उज्जैन द्वारा कालिदास संस्कृत अकादमी में सुप्रसिद्ध मराठी फिल्म अभिनेता शरद पोंक्षे एवं सुप्रसिद्ध मराठी फिल्म अभिनेत्री स्पृहा जोशी अभिनीत, जयवंत दळवी लिखित एवं राजन ताम्हणकर निर्देशित मराठी नाटक पुरुष का आयोजन अपने अजिंक्य योद्धा श्रीमंत बाजीराव पेशवा पर्व 2025-26 के रसिकों हेतु किया गया। इस नाटक का प्रथम मंचन 1982 में हुआ था। जिसमें नाना पटेकर, मोहन जोशी, रीमा लागू आदि मराठी रंगभूमी के दिग्गज कलाकारो द्वारा अभिनय किया गया है। नाना पाटेकर ने इस नाटक का 2000 से अधिक बार मंचन किया। एक राजनेता द्वारा एक सामान्य परिवार की सामाजिक कार्यकर्ता युवती पर बलात्कार एवं न्यायालय से भी न्याय न् मिलने पर उसके द्वारा लिया गया प्रतिशोध इस नाटक की कथावस्तु है जो आज भी सम समायिक है। यह नाटक सवर्ण और दलित वर्ग के आपसी संघर्ष पर भी भाष्य करता है। नाटक में प्रसंग के अनुसार भाषा एवं संवाद होने से उज्जयिनी के दर्शकों के लिये परिवार के साथ देखने में संकोच होना स्वाभाविक है तथापि कलाकारो के उत्तम अभिनय एवं उत्तम निर्देशन ने दर्शकों को बांध कर रखा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ पारंपरिक रंग देवता एवं वाग्देवी सरस्वती के पूजन से हर्षला व हेमंत जोशी एवं सुचेता व गोपाळ महाकाल ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. अश्विन भागवत ने एवं कार्यक्रम का प्रभावी संचालन दाक्षायणी निललोहित पळशीकर ने किया। दिवंगतो को श्रद्धांजलि एवं वंदे मातरम् द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।



### फुटपाथ व्यापारियों ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र के पास लंबे समय से व्यापार कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों को बिना पूर्व सूचना हटाए जाने पर पथ विक्रेता कानून-2014 का उल्लंघन बताया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनके संरक्षण और सर्वेक्षण की प्रक्रिया सही तरीके से नहीं की गई। इसी के विरोध में देवास रोड स्थित आईजी कार्यालय के बाहर व्यापारी संघ ने प्रदर्शन किया। संगठन ने आईजी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। अर्जुन कर ने बताया कि सावन शुरू होने से पहले ही इन छोटे व्यापारियों को हटाया गया था, जिसके बाद से व्यापारी लगातार विरोध जताते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरसिंह घाट चौराहे पर कार पार्किंग की सुविधा होने से पहले कभी जाम की स्थिति नहीं बनती थी, लेकिन पार्किंग बंद होने व व्यापारियों को हटाने के बाद स्थिति बिगड़ गई है। व्यापारियों का आरोप है कि दोबारा व्यापार शुरू करने की कोशिश पर नगर निगम टीम न केवल रोक लगाती है बल्कि सामान जब्त करने की धमकी भी देती है। जिससे कई परिवारों की आजीविका संकट में पड़ गई है। आईजी के प्रतिनिधि ने ज्ञापन प्राप्त कर व्यापारियों की समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। व्यापारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

**उज्जैन।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने जानकारी दी कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर करोहन के द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन रामनगर विद्यालय परिसर में किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र जैन ने आंवला नवमी के महत्व को नागरिकों से साझा किया। आंवला नवमी दीपावली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। आंवला का पर्यायवाची धात्री होता है। धात्री का अर्थ होता है माता, धाय मां, आंवला धात्री के समान शारीरिक स्वास्थ्य के लिए पोषण कारक होता है। आयुर्वेद के अनुसार आंवला मधुर विपाक शीत वीर्य वाला होता है इसमें पंच रस होते है। आंवला त्रिदोष हर होता है। वात दोष की विकृति में एक चम्मच आंवला चूर्ण तिल तेल के साथ, पित्त दोष विकृति में एक चम्मच घी मिलाकर और कफ विकृति में शहद के साथ ले सकते हैं। आयुर्वेद में रसायन औषधि के रूप में आंवले का वर्णन है जो की प्रथम ब्रह्म रसायन, द्वितीय ब्रह्म रसायन, च्यवनप्राश, केवल आमलक आदि योगों के माध्यम से दीर्घायु एवं इंद्रियों में बल की वृद्धि, अकाल रोगों को दूरकर प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि करता है। आंवला नवमी यथार्थ में समाज और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। शिविर में उच्च रक्तचाप, रक्त शर्करा का नि:शुल्क परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच रूप कुंवर लाखन सिंह राठौड़ ने किया। शिविर में डॉ. जितेंद्र जैन, डॉ. इरफान खान, डॉ. विजय राठौर, डॉ. मीनल गुप्ता, डॉ. ज्योति नरवरिया ने चिकित्सा कार्य किया।

### कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 19 नवम्बर बुधवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत ग्राम बामोरा विकास खंड उज्जैन में कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत एक किट का वितरण भी कृषकों को किया। कृषि विशेषज्ञों के द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक जिसमें जीवामृत , बीजामृत पांचपत्ती काड़ा अर्क बनाने की विधि एवं उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषकों को अत्यधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी, पर्यावरण प्रदूषण, एवं मानव स्वास्थ्य पर होने वाले विपरीत प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बामोरा के सरपंच प्रतिनिधि श्री गोपाल जाट के द्वारा भी भी प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया और उपस्थित कृषकों द्वारा प्राकृतिक खेती करने का संकल्प लिया गया।

# 150 वर्ष बाद भी सरदार है असरदार, जन्म स्थान से प्रतिमा स्थल तक पदयात्रा

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ का वृहद आयोजन, सांसद अनिल फिरोजिया ने ली प्रेस कांफ्रेंस

**उज्जैन। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में सरदार@150 यूनिटी मार्च राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।**



इसी कड़ी में, उज्जैन में भी युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और शहरवासियों को एकजुट करने के उद्देश्य से एक एकता दौड़ (पदयात्रा) का आयोजन किया गया है।

राज्य स्तरीय पदयात्राएं (31 अक्टूबर - 25 नवंबर 2025 तक इस चरण के तहत, प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में 3 दिन तक 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्राएँ आयोजित होंगी। उज्जैन में भी इसी चरण में यह दौड़, पदयात्रा रखी गई है। इन पदयात्राओं के दौरान सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई जाएगी। पदयात्रा से पहले स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां होंगी, जिसमें नशामुक्त भारत की शपथ और वोट से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाया जाएगा। सरदार पटेल के जन्मस्थान करमसद से यात्रा के प्रारंभ होने और उनकी विशाल प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी, केवडिया तक होने वाली 152 किलोमीटर की भव्य राष्ट्रीय पदयात्रा तहत तैयारी की गई है। सांसद ने बताया कि इस अभियान के लिए सभी पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर किए जा रहे हैं। उन्होंने शहर के सभी शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों से अनुरोध किया कि वे ऑनलाइन पंजीकरण कर उज्जैन में आयोजित होने वाली दौड़/पदयात्रा को सफल बनाएं।जिसमे पंजीकरण लिंकhttps://mybharat.gov.in /pages/unity_march जारी की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद अनिल फिरोजिया, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर ,मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा भाजपा नेता जितेंद्र कृपलानी आदि मौजूद रहे।

### सांसद ने की अपील-अधिक से अधिक लोग जुड़ें

उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शहरवासियों से इस ऐतिहासिक पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा, सरदार पटेल ने देश को एकजुट किया। उनकी 150वीं जयंती पर शुरू की गई यह राष्ट्रव्यापी पदयात्रा (यूनिटी मार्च) युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मेरी उज्जैन के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं से अपील है कि वे इस दौड़/पदयात्रा में शामिल होकर सरदार पटेल के आदर्शों और एक भारत आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करें। यह अभियान सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है, जिसकी शुरुआत 6 अक्टूबर 2025 को की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र प्रेम, सामाजिक ज़िम्मेदारी और एकता की भावना को सुदृढ़ करना है।

## पीपलीनाका पर छात्रा ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** कक्षा 8 वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने मंगलवार को फांसी लगा ली। परिजन उसे उतारकर चरक अस्पताल लेकर आये। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने रात में ही पोस्टमार्टम की बात कही अनुमति मिलने पर पोस्टमार्टम कराया गया। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि पिपलीनाका स्थित झरण कालोनी में रहने वाली हिमांशी पिता सत्यनारायण चंदेल 14 साल द्वारा फांसी लगाने की सूचना मिली थी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, सूचना पर परिजनों से संपर्क किया गया, लेकिन वह गमगीन होने पर कुछ बता पाने में असमर्थ थे। फिलहाल इतना सामने आया कि हिमांशी कक्षा 8 वीं की छात्रा थी। मर्ग कायम किया गया है। बॉडी पोस्टमार्टम रूम में रखवाई गई और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम की बात कही गई। लेकिन परिजनों ने रात में ही पोस्टमार्टम करने के लिए कहा। जिसके चलते परिजनों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया। पोस्टमार्टम की अनुमति मिलने पर रात में ही पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जाएगी।

# भैंस चुराने वालों ने तोड़ा था मंदिर और शासकीय आवास का ताला

## पहले अकेले करते थे वारदात फिर नाबालिगों के साथ बनाई गैंग

**उज्जैन।** खेत पर बंधी मुर्रा भैंस चोरी करने वालों 15 दिन बाद पुलिस की हिरासत में आए तो उन्होंने शासकीय आवास और जैन मंदिर में भी चोरी करना कबूल कर लिया। दो बदमाश पहले अकेले चोरी करते थे भैंस चोरी की वारदात के लिए उन्होंने नाबालिगो के साथ गैंग बना ली थी। तीन वारदातों का खुलासा होने पर पुलिस ने दो बदमाशों को जेल भेजा है एक नाबालिग को बाल न्यायालय में पेश किया गया था।



बड़नगर थाना टीआई अशोक पाटीदार ने बताया कि ग्राम मौलाना में रहने वाले सुरेन्द्र पिता यशवंतसिंह पंड्या के खेत पर बंधी 2 मुर्रा भैंस 2-3 नवंबर की रात अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये थे। भैंस चोरी होने पर सुरेन्द्र पंड्या ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। चोरों का पता लगाने के लिये पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर पता चला कि बदमाश लोडिंग पिकअप में चोरी की गई भैंस लेकर घट्टिया की ओर गए हैं। इसी आधार पर 15 दिन की तलाश के बाद ग्राम कालूहेड़ा घट्टिया के रहने वाले रवि पिता विक्रमलाल परमार 24 साल, धीरज पिता सोहन राठौर 20 साल निवासी ग्राम मौलाना को हिरासत में लिया गया। दोनों ने पूछताछ में कबूल किया कि 2 नाबालिगों के साथ मिलकर भैंसे चोरी की थी और पिकअप क्रमांक एमपी 09 जीएच 2590 में भरकर ले गये थे। पुलिस ने चोरी में शामिल नाबालिगो की तलाश शुरू की और एक को कस्टडी में ले लिया दूसरा फरार होना सामने आया। चोरी की भैंस और पिकअप बरामद करने के बाद बदमाशों से अन्य मामले में पूछताछ की गई तो रवि ने वर्ष 2024 में मजिस्ट्रेट के शासकीय आवास का ताला चोरी करना कबूल कर लिया। वहीं धीरज ने पांच माह पहले बड़नगर स्थित जैन मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। थाना टीआई के अनुसार दोनों बदमाशों से मंदिर में हुई चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। वहीं मजिस्ट्रेट आवास में चोरी के दौरान लैपटॉप और नगदी चुराया गया था। वारदात के बाद लैपटॉप रास्ते में फेंक दिया था जो लावारिस हालत में बरामद हुआ था चोरी की राशि बदमाश ने खर्च करना बताया है। तीनों वारदातों का खुलासा करने में एसआई सुरेन्द्र गरवाल, सोभगसिंह, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मोर्य, नितेश, मनोज बैरागी और दो नगर सैनिकों की भूमिका रही।

### उन्हेल रोड पर पलटी कार, हादसे में महिला घायल

उज्जैन। बुधवार सुबह उन्हेल मार्ग पर सोड़ंग के समीप तेज गति से आ रही कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई। कार में 6 लोग सवार थे। एक महिला को गंभीर चोट लगी है। पांच मामूली घायल थे सभी को अस्पताल लाया गया। गंभीर घायल महिला को भर्ती किया गया है। नानाखेड़ा स्थित आनंद नगर में रहने वाला श्रीवास्तव परिवार सांवरिया सेठ के दर्शन करने गया था। जहां से कार में सवार होकर परिवार के 6 सदस्य उज्जैन लौट रहे थे। उन्हेल मार्ग पर ग्राम सोड़ंग के समीप अचानक कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। हादसा देख आसपास के लोग एकत्रित हुए और कार सवार लोगों को बाहर निकाला। परिवार में शामिल रेखा पति श्रीवास्तव को गंभीर चोट लगी थी। वहीं परिवार के पांच अन्य सदस्य मामूली घायल हुए थे। सभी को तत्काल चरक अस्पताल पहुंचाया गया जहां रेखा श्रीवास्तव को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वहीं अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दी गई। कार पलटने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया है।

## आलाव जलाते झुलसे युवक की 4 दिन बाद अस्पताल में हुई मौत

**उज्जैन। चार दिन पहले अलाव जला रहा युवक झुलस गया था। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था जिसकी रात में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।**

बड़नगर मार्ग ग्राम नलवा का रहने वाला नारायण पिता शंकरलाल अंजना 14 नवंबर की रात ठंड अधिक होने पर घर के बाहर ही अलाव जला रहा था। लड़कियों में तेज आंच नहीं निकलने पर उसने डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की उसी दौरान वह आग की लपटों से घिर गया था। परिजन उसे बचाकर उपचार के लिए अस्पताल लाए थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया था इस बीच रात में नारायण की मौत हो गई। चिंतामण थाना पुलिस में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

### सीने में दर्द के बाद ड्राइवर की मौत

राजस्थान का रहने वाला हेमराज पिता शंकर लाल मीणा ट्रक लेकर ग्राम नलवा स्थित सीमेंट पाइप फैक्ट्री आया हुआ था। मंगलवार शाम सीने में दर्द उठा। उसे साथी ड्राइवर मोनू बैरागी पैदल ही समीप अस्पताल लेकर जाने लगा। रास्ते में हेमराज गिर गया उसे चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिंतामण थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हेमराज की मौत हार्ट अटैक से होना सामने आ रही है।

## सांसद लता वानखेडे एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ



**उज्जैन।** कार्तिक मेला अंतर्गत नगर निगम द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं, नगर निगम द्वारा किए गए विकास एवं निर्माण कार्यों, निगम द्वारा संचालित महत्वपूर्ण प्लांटों, स्वच्छता में किए गए नवाचारों एवं मुख्यमंत्री द्वारा किए गए भूमि पूजन लोकार्पण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका शुभारंभ बुधवार को सागर जिले की सांसद, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा उज्जैन संभाग प्रभारी लता वानखेड़े को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाते हुए नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों एवं नवाचारों की जानकारी दी गई। जिसके क्रम में लता वानखेड़े ने नगर निगम द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए सराहना की गई। इस दौरान प्रमिला यादव, रुचि भावसार, ललिता पूर्वीया, सुनील चावंड, मनोज मौर्य, प्रवीण मुकाती, सोनू यादव, इंदर सिंह गहलोत, नरेश राठौर, अंकित मालवीय, मनोज सोनी, चेतन भाटी, राजेश यादव, करण रघुवंशी, सुनील परमार उपस्थित रहे।

## महापौर मुकेश टटवाल ने की उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा

**उज्जैन। नगर निगम द्वारा संचालित एवं संधारित उद्यानों का वार्ड एवं मोहल्ला स्तर पर क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से समितियां का गठन करते हुए उद्यानों का संधारण एवं रखरखाव करवाया जाए। इसके लिए समितियां से आवेदन प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उक्त निर्देश महापौर मुकेश टटवाल ने बुधवार को उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को दिए गए।**

बैठक में महापौर द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक वार्ड स्तर पर उद्यानों का रखरखाव किया जाए साथ ही एक आदर्श उद्यान वार्ड स्तर पर हो इस और कार्य किया जाए, उद्यानों में समिति का गठन नगर निगम द्वारा निगम की शर्तों के आधार पर किया जाएगा जिसमें मोहल्ला स्तर पर समिति बनाते हुए उद्यानों का रखरखाव किया जाएगा।

इस दौरान उद्यान विभाग के प्रभारी शिवेंद्र तिवारी, सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, रविकांत मगरदे, उद्यान अधिकारी मनोज राजवानी, उपयंत्री उपस्थित रहे।

## रेन बसेरों का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिसके क्रम में मंगलवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे का रात को 12 बजे के बाद औचक निरीक्षण करते हुए निगम द्वारा रेन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आयुक्त ने फाजलपुरा, दूधतलाई, घास मंडी चौराहा, नानाखेड़ा बस स्टैंड रैन बसेरों का निरीक्षण किया। जहां नगर निगम द्वारा आश्रय स्थलों में समुचित रूप से व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही नगर निगम के रैन बसेरे सीसीटीवी कैमरों से लैस हाईटेक है जहां रैन बसेरों की लाइव मॉनिटरिंग की जाती है साथ ही ठंड से बचाव हेतु आश्रय स्थलों में ठहरने वाले नागरिकों के लिए हीटर की भी व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्देशित किया कि निगम द्वारा संचालित रेन बसेरा में और अधिक व्यवस्थाएं की जाए जहां पर रंगाई पुताई, आवश्यक सामग्री, संसाधन की आवश्यकता है वह तत्काल उपलब्ध करवाई जाए, नागरिकों के ओढ़ने के लिए रजाई, कंबल, मच्छरों से बचाव हेतु मच्छर दानी, पीने के पानी के साथ ही मनोरंजन के लिए टीवी,साफ स्वच्छ शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संदीप शिवा, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार उपस्थित रहे।

**सिंह पहुंचे द्वार पर .. कलेक्टर ने उज्जैन उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक 101 और 153 का निरीक्षण कर निर्वाचन के एसआईआर का जायजा लिया**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों के एसआईआर प्रक्रिया के फॉर्म भरकर प्रेरित किया

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया के कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पटेल नगर के बूथ क्रमांक 153 का निरीक्षण कर वहां पर किए गए कार्य की जानकारी ली। जानकारी प्राप्त करने के पश्चात कलेक्टर सिंह मतदाताओं के घर घर गए और उनसे फॉर्म प्राप्त होने संबंधित यथास्थिति मतदाताओं से चर्चा कर लीं।**



कलेक्टर सिंह को बुजुर्ग मतदाता कुमावत ने चर्चा के दौरान बताया कि 2003 के संबंधित जानकारी ना होने के कारण फॉर्म अभी तक भरकर वापस नहीं दिया गया है तो कलेक्टर सिंह ने स्वयं पत्रक भरकर बीएलओ और सुपरवाइजर से ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर पत्रक भरकर पूर्ण किया। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान पटेल नगर के निवासियों से घर घर पहुंचकर चर्चा की और नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया कि सीडीपीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, सुपरवाइजर, बीएलओ के साथ टीम वर्क की भावना से कार्य कर कार्य शीघ्रता से पूर्ण करवाए। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले शासकीय सेवकों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र के उर्दूपुरा के बूथ क्रमांक 101 का निरीक्षण कर एसआईआर के कार्य की जानकारी लीं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, तहसीलदार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर के वीसी में आवश्यक निर्देश दिए

उज्जैन। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य संबंधी भारत निर्वाचन आयोग की वीसी प्रशासनिक संकुल भवन के कमिश्नर कार्यालय सभागृह में बुधवार सुबह आयोजित की गई। वीसी में जिले में एसआईआर संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वीसी में कलेक्टर सिंह ने जिले में अभी तक किए गए कार्य की जानकारी भी दी। वीसी में एसआईआर के कार्य में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोकतंत्र उत्सव जैसे कार्यक्रम के माध्यम से कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश भी दिए। वीसी में कार्ययोजना बना कर गुणवत्तापूर्वक प्रबन्धन के साथ कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वीसी में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को पुरस्कृत करने के निर्देश भी दिए गए। वीसी में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, उप निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, अपर कलेक्टर अत्येंद्र सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।